आज दिनांक–05.06.2024 (बुधवार) को प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 01.30 बजे संपन्न हुई स्थानीय प्रबंधन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की 32वीं बैठक में निम्न बिन्दुओं के संदर्भ में आवश्यक विचार–विमर्श एवं निर्णय लिया गया :–

1. उपस्थिति :– बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र.सं.	नाम	स्थानीय प्रबंधन समिति में धारित पद	उपस्थिति
1	डॉ0 अभिषेक मिश्र, प्राचार्य नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	अध्यक्ष	उपस्थित
2	श्री रवि रंजन, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
3	श्रीमती राधा कुमारी, शिक्षिका, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित
4	श्री रौशन कुमार बक्शी, प्रशासनिक पदाधिकारी, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य	उपस्थित

वार्षिक निविदा में 18 विभिन्न कोड के अंतर्गत सामग्रियों की दर निर्धारित करनी है। विभिन्न सामग्रियों हेतु प्रचलित एवं विश्वसनीय ब्रांडों के नाम के साथ–साथ संबंधित सामग्रियों के पैकेजिंग का प्रकार (जिसमें आपूर्ति वांछित होगी) यथा– 250 ग्रा./500 ग्रा./1000 ग्राम आदि का उल्लेख भी करना आवश्यक प्रतीत होता है उक्त के आलोक में –

- यह विचार आया कि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न सामग्रियों हेतु प्रचलित एवं विश्वसनीय ब्रांड के नाम के साथ निविदा प्रकाशित की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सार्थ दिए गए सभी ब्रांड हेतु अपना दर अंकित करें।
- यह भी उल्लेख होना चाहिए कि सामग्रियों की आपूर्ति किस प्रकार के पैकेट में करना है यथा– 50 ग्राम/ 100 ग्राम/ 250 ग्राम/ 500 ग्राम आदि के पैकेट में।
- दर चार्ट में आवश्यकतानुसार प्रतिकिलो/प्रति पैकेट /प्रति क्विंटल (जो लागू होता है) के रेट अंकित करने हेतु कॉलम होने चाहिए।
- उपर्युक्त बातों के मद्देनजर यह सुनिश्चित किया गया कि यह उचित होगा कि वार्षिक निविदा में प्रस्तावित 18 विभिन्न कोडों के अंतर्गत सामग्रियों के दर निर्धारण हेतु प्रकाशित होने वाली निविदा एवं बिल ऑफ क्वांटिटी का प्रारूप अध्ययन कर आवश्यक सुझाव एवं संशोधन हेतु कुछ शिक्षकों एवं कार्यालय के संबंधित कर्मियों की समिति गठित की जाएं जो यथाशीघ्र अपना प्रतिवेदन सुपूर्द कर सकें। समर्पित प्रतिवेदन पर निर्णय लेने हेतु पुनः स्थानीय प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की जाएगी।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

05/6/24
(रौशन कु0 बक्शी)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

05/06/24
(राधा कुमारी)
सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति

05/06/2024
(रविरंजन)
सदस्य, स्थानीय प्रबंधन समिति

5/6/24
(डॉ0 अभिषेक मिश्र)
अध्यक्ष
स्थानीय प्रबंधन समिति